

# ओंकारेश्वर में मजदूरों का अटका भुगतान जारी करने के आदेश

## जनसुनवाई में नागरिकों की समस्याओं के निराकरण के निर्देश



**नवभारत न्यूज़**

**खण्डवा।** शासकीय कार्यालयों में प्रत्येक मंगलवार को जनसुनवाई कार्यक्रम के तहत अधिकारीगण नागरिकों की समस्याओं की सुनवाई कर उनका निराकरण करते हैं। इसी क्रम में आज कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में कलेक्टर ऋषव गुप्ता ने जनसुनवाई में आए नागरिकों की समस्याएं सुनीं, और उनके निराकरण के लिए सम्बंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। जनसुनवाई में ग्राम सुरगांव जोशी के ग्रामीणों ने आवेदन देकर कलेक्टर श्री गुप्ता को बताया कि गांव में आवारा कुत्तों के कारण ग्रामीणजन बहुत परेशान हैं। उन्होंने ग्रामीणों को इस समस्या से मुक्ति दिलाने का अनुरोध किया। जिस पर कलेक्टर श्री गुप्ता ने संबंधित अधिकारियों को ग्रामीणों की इस समस्या के निराकरण के संबंध में निर्देश दिए। जनसुनवाई में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉक्टर नागार्जुन बी. गौड़ा, सहायक कलेक्टर सुश्री शिल्पा चौहान, अपर कलेक्टर श्री अरविंद चौहान एवं अपर कलेक्टर श्री के. आर. बडोले सहित अन्य अधिकारी भी मौजूद थे। जनसुनवाई में एम एम कॉन्ट्रैक्टर फर्म के प्रतिनिधि ने कलेक्टर श्री गुप्ता को आवेदन देकर बताया कि उन्होंने नगर परिषद ओंकारेश्वर के आदेश पर ओंकारेश्वर में कार्य किया था, लेकिन उसका भुगतान 11 माह बीत जाने पर भी अभी तक नहीं मिला है। जिस पर कलेक्टर श्री गुप्ता ने मुख्य नगर पालिका अधिकारी ओंकारेश्वर को संबंधित फर्म को पात्रता अनुसार भुगतान कराने के निर्देश दिए।

जनसुनवाई में ग्रामीणों ने ग्राम दगडिया एवं कमलिया को भी नहर के माध्यम से खेतों में सिंचाई सुविधा का लाभ दिलाने के संबंध में कलेक्टर श्री गुप्ता को आवेदन दिया, जिस पर उन्होंने नर्मदा घाटी विकास प्राधिकरण के कार्यपालन यंत्री को मामले की जांच कर, ग्रामीणों की समस्या का निराकरण करने के निर्देश दिए।

इसके अलावा जनसुनवाई में कालू पिता रामलाल ठाकुर निवासी छनेरा ने अपने घर में लगे विद्युत मीटर के खराब होने की शिकायत की और मीटर बदलवाने का अनुरोध कलेक्टर श्री गुप्ता से किया, जिस पर उन्होंने अधीक्षण यंत्री को आवेदक के घर का विद्युत मीटर बदलवाने के निर्देश दिए। जनसुनवाई में मूंदी निवासी रुकैया बी ने कलेक्टर गुप्ता को आवेदन देकर बताया कि किसी अन्य किसान ने उसके नाम से फसल ऋण लेकर धोखाधड़ी की है। जिस पर कलेक्टर गुप्ता ने जिला सहकारी बैंक के महाप्रबंधक को समय सीमा में जांच कर आवेदिका की समस्या का निराकरण करने के निर्देश दिए।

## एक नजर

### नरेंद्र चंदेल बने प्रधान आरक्षक



**ओंकारेश्वर।** पुलिस विभाग में पदोन्नति प्राप्त होने पर नरेंद्र चंदेल को प्रधान आरक्षक पद के पदचिन्ह थाना मांधाता में आयोजित कार्यक्रम के दौरान लगाए गए। यह पदोन्नति उप पुलिस महानिरीक्षक निमाड़ रेंज खरगोन के अनुमोदन एवं पुलिस अधीक्षक खंडवा के आदेशानुसार प्रदान की गई। कार्यक्रम में एसडीओपी मूंदी मनोहर सिंह एवं थाना प्रभारी मांधाता अनूप सिंधिया ने नरेंद्र चंदेल को पदचिन्ह लगाकर बधाई दी और उनके उज्वल भविष्य की कामना की। अधिकारियों ने पुलिस विभाग में उनके कर्तव्यनिष्ठ एवं उत्कृष्ट कार्यों की सराहना करते हुए नए दायित्वों का सफलतापूर्वक निर्वहन करने की अपेक्षा जताई। इस अवसर पर थाना मांधाता का पुलिस स्टाफ भी उपस्थित रहा और सभी अधिकारियों-कर्मचारियों ने उन्हें पदोन्नति की शुभकामनाएं दीं।

### विश्व पर्यावरण दिवस पर पौधारोपण के कार्यक्रम

**खंडवा।** आगामी 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस मनाया जाएगा। इस अवसर प्रत्येक विकास खण्ड एवं नगरीय निकायों में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधारोपण के कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इस पौधरोपण अभियान में पीपल, आम, बरगद, नीम आदि के वृक्षारोपण पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। इस कार्यक्रम का नोडल विभाग पर्यावरण विभाग रहेगा। पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, नगरीय विकास एवं आवास, वन विभाग, उद्यानिकी विभाग इस वृक्षारोपण अभियान को क्रियान्वित करेंगे। इस अभियान से स्कूल, कॉलेजों एवं सामाजिक संगठनों को जोड़कर पर्यावरण संरक्षण से संबंधित अन्य कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे।

### लायन अनिल खंडेलवाल बने मल्टीपल सेक्रेटरी, हुआ सम्मान



**खंडवा।** लायन्स इंटरनेशनल डिस्ट्रिक्ट 3233 जी-1 के गवर्नर लायन अनिल खंडेलवाल को वर्ष 2025-26 में सेवा एवं प्रशासनिक कार्यों के सफल संचालन के आधार पर सर्वसम्मति से बहुप्रान्तीय मल्टीपल डिस्ट्रिक्ट का मल्टीपल सेक्रेटरी मनोनीत किया गया। इस उपलब्धि पर खंडवा में उनका सम्मान समारोह आयोजित किया गया। जानकारी देते हुए नारायण बाहेती ने बताया कि वर्ष 2026-27 में अनिल खंडेलवाल राजस्थान की डिस्ट्रिक्ट 3233 ई-1 एवं ई-2, मध्यप्रदेश की 3233 जी-1 व जी-2 तथा छत्तीसगढ़ की 3233 सी का नेतृत्व करेंगे। इस अवसर पर रीजन-11 श्रेया के रीजन चेयरपर्सन राजीव मालवीय, जोन चेयरपर्सन अणिमा उबेजा, प्रेरणा दुबे, सीमा जैन सहित अनेक पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने उन्हें शाल, श्रीफल और सम्मान पत्र भेंट कर अभिनंदन किया। कार्यक्रम में लायन्स क्लब खंडवा एवं लियो क्लब खंडवा ने भी उनका स्वागत किया। समारोह में उपस्थित सदस्यों ने इस उपलब्धि को डिस्ट्रिक्ट और मल्टीपल के लिए ऐतिहासिक बताते हुए हर्ष व्यक्त किया।

## खरे राज्य स्तरीय गोला फेंक प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान पर




**नवभारत न्यूज़**

**खंडवा।** जिला शिक्षा केन्द्र खण्डवा में पदस्थ एपीसी अकादमिक संजीव कुमार खरे गत दिनों छतरपुर में आयोजित स्कूल एजुकेशन डिपार्टमेन्टल एथलेटिक्स राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में गोला फेक में इंदौर संभाग का प्रतिनिधित्व करते हुए 50+ आयु वर्ग में द्वितीय स्थान पर रहे और इसके लिए उन्हें सिल्वर मेडल प्रदान किया गया। इस उपलब्धि पर जिला शिक्षा अधिकारी श्री पी.एस. सोलंकी एवं जिला शिक्षा केन्द्र के समस्त स्टॉफ ने उन्हें बधाई दी है।

## मुख्यमंत्री से मिले सांसद-विधायक, जिला विकास पर चर्चा



**नवभारत न्यूज़**

**खंडवा।** जिले के विकास को नई गति देने और लंबित परियोजनाओं को आगे बढ़ाने के उद्देश्य से खंडवा विधायक कंचन मुकेश तनवे एवं सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल ने भोपाल में मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव से मुलाकात कर विभिन्न विकास कार्यों पर चर्चा की।बैठक में खंडवा में पुलिस बटालियन की स्थापना, खंडवा-मूंदी मार्ग के उन्नयन, कर्मवीर विद्यापीठ के लिए नए परिसर तथा विधि संकाय के लिए पृथक भवन निर्माण की मांग प्रमुख रूप से रखी गई। जनप्रतिनिधियों ने जिले की बढ़ती आवश्यकताओं के अनुरूप सुरक्षा, शिक्षा और आधारभूत सुविधाओं के विस्तार पर जोर दिया। मुख्यमंत्री ने सभी प्रस्तावों को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित विभागों से समीक्षा कर आवश्यक कार्रवाई कराने का आश्वासन दिया। सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार मिलकर जिले के समग्र विकास के लिए कार्य कर रही हैं, जबकि विधायक कंचन तनवे ने विश्वास जताया कि इन योजनाओं के क्रियान्वयन से खंडवा के विकास को नई दिशा मिलेगी।

## मुख्यमंत्री से मिलीं विधायक छाया मोरे

### सिंचाई परियोजनाओं और नहरों में पानी छोड़ने की मांग



**नवभारत न्यूज़**

**खंडवा।** पंधाना विधायक छाया मोरे ने मंगलवार को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से मुलाकात कर क्षेत्र की सिंचाई एवं पेयजल समस्याओं से जुड़े मुद्दे उठाए। उन्होंने किसानों और ग्रामीणों को राहत देने के लिए छैगांव माखन एवं भाम-राजगढ़ नहर परियोजना से तत्काल पानी छोड़े जाने की मांग की। विधायक मोरे ने मुख्यमंत्री से घावरिया माइक्रो लिफ्ट इरिगेशन परियोजना (झिरनिया नहर परियोजना एक्सटेंशन) को शीघ्र प्रशासकीय स्वीकृति देने का भी आग्रह किया। प्रस्तावित परियोजना के माध्यम से पंधाना, झिरनिया और नेपानगर क्षेत्र के लगभग 8987 हेक्टेयर कृषि क्षेत्र को सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराने का लक्ष्य है। उन्होंने बताया कि परियोजना के तहत इंदिरा सागर नहर तंत्र से जल लेकर चरणबद्ध पंपिंग व्यवस्था के माध्यम से ऊंचे क्षेत्रों तक पानी पहुंचाया जाएगा। इससे खंडवा, खरगोन और बुरहानपुर जिलों के 28 गांवों को लाभ मिलने की संभावना है। विधायक ने कहा कि परियोजना के क्रियान्वयन से किसानों को स्थायी सिंचाई सुविधा मिलेगी, फसल उत्पादन बढ़ेगा और वर्षा आधारित कृषि पर निर्भरता कम होगी। उन्होंने मुख्यमंत्री से किसान हित में परियोजना को शीघ्र मंजूरी और आवश्यक बजट उपलब्ध कराने का अनुरोध किया।

## ब्लैक स्पॉट का निरीक्षण, बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों की तैयारियां शुरू



**नवभारत न्यूज़**

**खंडवा।** आगामी वर्षा ऋतु और सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम को लेकर पुलिस ने व्यापक स्तर पर तैयारी शुरू कर दी है। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर एक ओर यातायात पुलिस ने जिले के चिन्हित ब्लैक स्पॉट और दुर्घटना संभावित स्थलों का निरीक्षण किया, वहीं दूसरी ओर सभी थाना प्रभारियों ने अपने-अपने क्षेत्रों में बाढ़ और बारिश से प्रभावित होने वाले स्थानों का जायजा लिया। उप पुलिस अधीक्षक यातायात अनिल कुमार राय और उनकी टीम ने माता चौक से रामनगर, चिराखदान से टीठिया जोशी पुल तथा छैगांवमाखन क्षेत्र के मार्गों का निरीक्षण किया।

इस दौरान सड़क दुर्घटनाओं के कारणों, यातायात दबाव, संकेतक बोर्ड, स्पीड ब्रेकर, रोड मार्किंग, प्रकाश व्यवस्था और पैदल यात्रियों की सुरक्षा का आकलन किया गया। निरीक्षण के बाद संबंधित विभागों को साइन बोर्ड लगाने, रोड मार्किंग, कैट आई लगाने, झाड़ियों की कटाई तथा खराब स्पीड ब्रेकरों के सुधार जैसे कार्य प्राथमिकता से करने के निर्देश दिए गए।वहीं मानसून को देखते हुए जिले के सभी थाना प्रभारियों ने पूर्व में बाढ़ या बारिश से प्रभावित रहे क्षेत्रों, पुलिया-रपटों, नदी किनारों और पर्यटन स्थलों का निरीक्षण किया। पुलिस ने सरपंचों, कोटवारों, गोताखोरों और नाविकों से संपर्क स्थापित कर आपदा की स्थिति में त्वरित सूचना एवं राहत व्यवस्था सुनिश्चित करने की तैयारी की है। जलभराव की स्थिति में पुलिया और रपटों पर आवागमन रोकने के लिए बैरिकेडिंग और अन्य वैकल्पिक व्यवस्थाओं पर भी जोर दिया गया। पुलिस ने नागरिकों से यातायात नियमों का पालन करने, निर्धारित गति में वाहन चलाने, हेलमेट और सीट बेल्ट का उपयोग करने तथा बारिश के दौरान जोखिम वाले क्षेत्रों से सावधानी बरतने की अपील की है। पुलिस का कहना है कि यह अभियान सड़क सुरक्षा और आपदा प्रबंधन को मजबूत बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

## पसंदीदा स्कूल में प्रवेश नहीं मिलने पर घर से भागा नाबालिग

### काउंसलिंग के बाद परिवार को सौंपा




**नवभारत न्यूज़**

**खंडवा।** मुंबई में सातवीं कक्षा में पढ़ने वाला एक नाबालिग पसंदीदा स्कूल में प्रवेश नहीं मिलने से नाराज होकर घर छोड़कर ट्रेन से निकल पड़ा। बिना टिकट यात्रा कर रहे बालक को टिकट जांच के दौरान खंडवा रेलवे स्टेशन पर उतारा गया, जहां रेलवे सुरक्षा बल ने उसे संरक्षण में लिया। इसके बाद बालक को बाल कल्याण समिति के समक्ष प्रस्तुत किया गया। समिति अध्यक्ष प्रवीण शर्मा के नेतृत्व में उसकी काउंसलिंग की गई और परिजनों से संपर्क स्थापित किया गया। बाद में बालक के पिता को खंडवा बुलाकर आवश्यक प्रक्रिया पूरी करने के बाद उसे सुरक्षित सुपुर्द कर दिया गया। इस दौरान समिति सदस्य मोहन मालवीय, कविता पटेल, बाल संरक्षण अधिकारी टीका सिंह बिल्लौरे, पुष्पेंद्र सिंह मंडलोई और धर्मेंद्र चौहान उपस्थित रहे। बाल कल्याण समिति अध्यक्ष प्रवीण शर्मा ने कहा कि बच्चों पर बढ़ती अपेक्षाओं और मानसिक दबाव के कारण वे कई बार आवेश में गलत निर्णय ले लेते हैं। उन्होंने अभिभावकों से बच्चों के साथ नियमित संवाद बनाए रखने और उनकी भावनाओं को समझने की अपील की, ताकि ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकी जा सके।

**उपलब्धि** जल संरक्षण में राष्ट्रीय परचम

## 20,490 कंटूर ट्रेंच बनाकर देश में दूसरा स्थान




**नवभारत न्यूज़**

**खंडवा।** जल संरक्षण और भूजल संवर्धन के क्षेत्र में खंडवा नगर निगम ने राष्ट्रीय स्तर पर उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। जल संचय जनभागीदारी अभियान के अंतर्गत 20,490 कंटूर ट्रेंच का निर्माण कर खंडवा नगर निगम ने देशभर के नगरीय निकायों में द्वितीय स्थान प्राप्त किया है। महापौर अमृता अमर यादव, एमआईसी सदस्यों के मार्गदर्शन और निगम आयुक्त प्रियंका राजावत के नेतृत्व में यह सफलता हासिल हुई। जलगंगा संवर्धन अभियान के तहत वर्षा जल संचयन और भूजल संरक्षण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से निगम ने 29 सदस्यीय विशेष दल का गठन किया था। टीम ने शहर और आसपास के क्षेत्रों में सर्वेक्षण कर लगभग 130 ऐसे स्थलों की पहचान की, जहां कंटूर ट्रेंच निर्माण के माध्यम से वर्षा जल का प्रभावी संरक्षण संभव था। अभियान के दौरान दुर्गम क्षेत्रों तक पहुंच, मशीनों और श्रमिकों की उपलब्धता तथा तय समय में लक्ष्य पूरा करने जैसी चुनौतियों के बावजूद निगम अमले ने लगातार कार्य किया। परिणामस्वरूप निर्धारित लक्ष्य से अधिक 20,490 कंटूर ट्रेंच तैयार किए गए, जिसने खंडवा को राष्ट्रीय स्तर पर नई पहचान दिलाई।

नगर निगम के अनुसार इन कंटूर ट्रेंचों के माध्यम से वर्षा जल का अधिकतम संचयन होगा, जिससे भूजल स्तर में सुधार, जल संकट में कमी और पर्यावरण संरक्षण को मजबूती मिलेगी। यह उपलब्धि जनभागीदारी और प्रशासनिक प्रतिबद्धता के समन्वय का उदाहरण बनकर उभरी है। जल संरक्षण के क्षेत्र में खंडवा नगर निगम की यह सफलता न केवल जिले के लिए गौरव का विषय है, बल्कि देश के अन्य नगरीय निकायों के लिए भी एक प्रेरक मॉडल के रूप में देखी जा रही है।